भारत सरकार
कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय
(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1249

(दिनांक 01.08.2024 को उत्तर के लिए)

मौजूदा रिक्तियों को मिशन मोड में भरना

1249. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों और विभागों को संस्वीकृत पदों में से मौजूदा सभी रिक्तियों को मिशन मोड में भरने का निर्देश दिया था, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या सरकार ने वर्तमान संस्वीकृत पदों में से मौजूदा रिक्त पदों पर कोई नियुक्तियाँ की हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं तथा ऐसी मौजूदा रिक्तियों को भरने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह)

(क) और (ख): माननीय प्रधानमंत्री के निर्देशानुसार, सभी मंत्रालय/विभाग मिशन मोड में संस्वीकृत पदों के सापेक्ष विद्यमान रिक्तियों को भरने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। यह युवाओं को नौकरियों के अवसर प्रदान करने और नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करने हेतु प्रधानमंत्री की निरंतर प्रतिबद्धता को पूरा करने की ओर एक महत्वपूर्ण अग्रिम कदम है।

दिनांक 22 अक्टूबर, 2022 को माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए रोजगार मेले में मिशन मोड में रिक्त पदों को भरा गया है। मंत्रालयों/विभागों/केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (सीपीएसयू)/स्वायतशासी निकायों/शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों आदि में सीधी अथवा विनिर्दिष्ट-भर्ती एजेंसियों के माध्यम से मिशन मोड में भर्ती की जा रही है।

*****